रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

रादुविवि डीआईसी छात्रा को महामहिम राज्यपाल ने प्रदान की स्टार्टअप प्रोत्साहन राशि

जबलपुर 26 अगस्त। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के बायो–डिजाईन इनोवेशन सेंटर की छात्रा सुश्री आकृति द्विवेदी द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर प्रस्तुत स्टार्टअप का चयन किया गया था। गुरूवार को भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2021–22 के शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई छ. पटेल, माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की उपस्थिति में सुश्री आकृति द्विवेदी को स्टार्टअप प्रोत्साहन राशि के रूप में एक लाख रूपये की राशि का चेक प्रदान किया गया।

माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने बताया कि वर्तमान सत्र 2021–22 से ही विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन किया जायेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, विश्वविद्यालय में शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन, कोविड संक्रमण के दौरान पीड़ितों की सहायता एवं वैक्सीनेशन तथा कोविड के प्रति जागरुकता के लिए चलाए गए अभियान की जानकारी दी। माननीय कुलपति जी ने बताया कि विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र एवं एन.एस. एस. स्वयंसेवकों द्वारा पाँच वैक्सीनेशन कैम्प लगाये जा चुके हैं।

विश्वविद्यालय छात्रा की इस उपलब्धि पर कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह, उपकुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा, डीआईसी के निदेशक एवं इन्क्यूबेशन सेन्टर प्रभारी प्रो. एसएस संधु, वित्त नियंत्रक श्री रोहित सिंह कौशल आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।